# प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0 )

वाद सं0 : 519 सन 2021

अनवान :–

1. सुभाष चन्द्र पुत्र गुलाबराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. नवीन पुत्र जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर नाबालिग जरिये संरक्षिका माता रोशनी पत्नी जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
3. सुमित पुत्र जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर नाबालिग जरिये संरक्षिका माता रोशनी पत्नी जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।

वादीगण

बनाम

1. लिखमाराम पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
2. गुलाबराम पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
3. रमेश पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
4. जयप्रकाश पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
5. गुडडी पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
6. विधा पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
7. भंवरी पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
8. कौशल्या पुत्री रमेश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

10. सुरेश पुत्र रमेश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
11. राकेश पुत्र गुलाबराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।

तरतीबी प्रतिवादीगण

**राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88**

उपस्थित : श्री मदन मोहन जोशी अधिवक्ता वादी
पेरोकार राज

**निर्णय दिनांक :– 01.11.2021**

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 262/223 की कुल 4.4760हैक टीडियासर के खाता संख्या 212/209 की कुल 5.0710हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में लिखमाराम पुत्र पतराम के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा पोखरराम पुत्र श्योजीराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा पोखरराम पुत्र श्योजीराम के देहान्त होने पर वाद विरास्तन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा पोखरराम पुत्र श्योजीराम के देहान्त होने के बाद विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें सजरा खानदान अनुसार वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 8 ,10 ,11 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का दादा है प्रतिवादी संख्या 2 ,ता 4 वादी का पिता है प्रतिवादी संख्या 5 ता 7 वादी की बुआ प्रतिवादी संख्या 8 वादी संख्या 1 की माता प्रतिवादी है प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 के पक्ष में किया जा चुका है। इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 का बराबर का हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादीगण एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ,10 ,11 जरिये अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 , 10 ,11 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता पोखरराम पुत्र श्योजीराम के देहान्त होने पर विरास्तन से

उपखण्ड अधिकारी
नोहर

प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ,10 ,11 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाई/पिता वादी एवं प्रतिवादी संख्या 10 ,11 के पक्ष में त्याग किया हुआ है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे वादी एवं प्रतिवादी संख्या 10, 11 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। शामिल मिसल किया एवं पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों एवं मजमें आम की सहमति/जानकारी के आधार पर वाद का निस्तारण फरमावे।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल/आपसी सहमति मजमे आम में होने के कारण अन्य किसी कार्यवाही की आवश्यकता नही रही।

पत्रावली प्रशासन गावं के संग अभियान – वर्ष –2021 कैम्प कोर्ट में पेश हुई वादी के अधिवक्ता ने निवेदन किया की प्रकरण में उभयपक्षों की सहमति पेश हो चुकी है अर्थात वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8, 10 ,11 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल/सहमति पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है तथा अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद न्यायायिक दृष्टान्तों एवं आपसी सहमति /मजमे आम की सहमति /जानकारी के आधार पर वाद वादी डिक्री फरमाया जावे।

हमने उभयपक्षो को सुना पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 262/223 की कुल 4.4760हैक्‍ टीडियासर के खाता संख्या 212/209 की कुल 5.0710हैक्‍ भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में लिखमाराम पुत्र पतराम के नाम सें दर्ज है।

जमाबन्दी सम्वत 2029 से 2038 भु0प्रबन्ध विभाग के अनुसार वाद भूमि पोखरराम पुत्र श्योजीराम के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा पोखरराम पुत्र श्योजीराम के नाम से दर्ज है वादी के दादा पोखरराम पुत्र श्योजीराम के देहान्त होने के वाद विरास्तन से वाद भूमि वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरास्तन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 8, 10,11 के हक हिस्सा की भूमि है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने स्वीकार किया जाकर इकबाल पेश किया जाकर निवेदन किया जा चुका है कि वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 10, 11 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 1 ता 8 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 8, 10, 11 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 262/223 की कुल 4.4760हैक्‍ टीडियासर के खाता संख्या 212/209 की कुल 5.0710हैक्‍ भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में लिखमाराम पुत्र पतराम के नाम सें दर्ज है का नाम कलमजन किया जाकर वादी संख्या 1 व तरतीबी प्रतिवादी संख्या 11 सयुक्त बहिब 1/3 हिस्सा, एवं वादीगण संख्या 2 ,3 सयुक्त तौर से 1/3 हिस्सा, तरतीबी प्रतिवादी संख्या 10 का 1/3 हिस्सा का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 01.11.2021 को प्रशासन गावं कें संग अभियान वर्ष – 2021 मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
नोहर ( हनुमानगढ )
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट... टीडियासर

## प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. सुभाष चन्द्र पुत्र गुलाबराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. नवीन पुत्र जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर नाबालिग जरिये संरक्षिका माता रोशनी पत्नी जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
3. सुमित पुत्र जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर नाबालिग जरिये संरक्षिका माता रोशनी पत्नी जयप्रकाश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।

वादीगण

बनाम

1. लिखमाराम पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
2. गुलाबराम पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
3. रमेश पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
4. जयप्रकाश पुत्र पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
5. गुडडी पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
6. विधा पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
7. भंवरी पुत्री पन्तुराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
8. कौशल्या पुत्री रमेश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
9. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

10. सुरेश पुत्र रमेश जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।
11. राकेश पुत्र गुलाबराम जाति जाट निवासी टीडियासर तहसील नोहर।

तरतीबी प्रतिवादीगण**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**राजस्व वाद संख्या 519 सन 2021 निर्णय दिनांक– 01.11.2021**

आज यह वाद प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021 कैम्प कोर्ट में मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व ) नोहर के समक्ष उभयपक्षों की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं आपसी सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा बालासर के खाता संख्या 262/223 की कुल 4.4760हैक टीडियासर के खाता संख्या 212/209 की कुल 5.0710हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में लिखमाराम पुत्र पतराम के नाम से दर्ज है का नाम कलमजन किया जाकर वादी संख्या 1 व तरतीबी प्रतिवादी संख्या 11 सयुक्त बहिब 1/3 हिस्सा, एवं वादीगण संख्या 2 ,3 सयुक्त तौर से 1/3 हिस्सा, तरतीबी प्रतिवादी संख्या 10 का 1/3 हिस्सा का खातेदार काश्तकार धोषित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 01.11.2021 को प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष – 2021 में मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
उपखण्ड अधिकारी
नोहर ( हनुमानगढ )
नोहर
प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष– 2021
कैम्प कोर्ट....टीडियासर